दैनिक भास्कर 13/01/2023

# स्वामी विवेकानंद मेरी नजर में विषय पर प्रस्तुत किए विचार



**अम्बाला |** जीएमएन कॉलेज में स्वामी विवेकानंद सेल व एनएसएस यूनिट ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर विस्तार व्याख्यान कराया। स्टूडेंट्स ने स्वामी विवेकानंद मेरी नजर में विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन ने बताया कि विनम्रता व सादगी के पुंज स्वामी विवेकानंद का तेज और ओज हमारे युवाओं को ग्रहण करना चाहिए। मौके पर नोडल अधिकारी डॉ. अनीश कुमार, डॉ. सरोज, डॉ. राजेंद्रा, डॉ. कुलदीप, डॉ. राजेंद्र देशवाल व डॉ. धर्मवीर सैनी मौजूद थे।